इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 22.02.2026

- **थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित 'Hope Diamond Spa & Salon' पर प्रशासनिक और पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी कर 01 आरोपी सहित 03 युवतियों को हिरासत मे लिया गया।**
- **MSK कोतवाली एवं MSK सिविल लाइन की तत्परता से स्पा एंड सैलून सेंटर पर की गयी कार्यावाही।**
- **अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति केन्द्र कोतवाली द्वारा की गयी कार्यवाही।**

संक्षिप्त विवरणः-

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री चौराहा, स्टेशन रोड, शुभम बेकरी के ऊपर स्थित Hope Diamond Spa & Salon नामक स्पा सेंटर संचालक द्वारा मारपीट, जबरन गलत कार्य कराने एवं एक विदेशी महिला संबंध मे आज दिनांक 22.02.2026 को **MSK थाना कोतवाली** पर शिकायत प्राप्त हुई।

प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे प्रशासनिक अधिकारीगण से समन्वय स्थापित कर पुलिस/प्रशासन एवं महिला थाना की संयुक्त टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गयी तो स्पा सेंटर पर शिकायतकर्ता महिला के अतिरिक्त 03 अन्य महिला वर्कर मिली हैं जिन्हें महिलाओं की गरिमा और निजता को सुरक्षित रखते हुए, उन्हें तत्काल **मिशन शक्ति केंद्र की देखरेख में सुरक्षा हेतु वन स्टॉप सेंटर भिजवाया गया।**

स्पा सेंटर में मौजूद विदेशी महिला की वीज़ा और वर्क परमिट के तकनीकी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। **प्राथमिक जांच** में यह भी स्पष्ट हुआ कि **उक्त सेंटर बिना वैध GST रजिस्ट्रेशन और आवश्यक लाइसेंस के संचालित** किया जा रहा था।

शिकायतकर्ता महिला की सूचना पर **मु0अ0सं0 18/2026 धारा 119(1),115(2), 352, 351 (3) बीएनएस पंजीकृत** किया गया है, विवेचनात्मक कार्यावाही प्रचलित है।

बरामदगी:

कुछ सामग्री, दवाइयां और दस्तावेज बरामद किए गए।

गिरफ्तारी अभियुक्त

शिव स्वरूप मिश्रा पुत्र राजेंद्र कुमार मिश्रा निवासी ग्राम पतौंजा थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर उम्र करीब 27 वर्ष

कार्रवाई के दौरान नगर मजिस्ट्रेट इटावा, क्षेत्राधिकारी नगर, तथा थाना प्रभारी सिविल लाइंस, कोतवाली एवं महिला थाना पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे।